हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, शुक्रवार 5 जुलाई 2024

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

12 रामलला दर्शन के लिए 91 श्रद्धालु हुए रवाना

14 शासकीय राशि की हो रही बंदरबाट : विधायक




प्रवेश प्रारंभ
BCA
PGDCA
DCA
B.P.Ed.
B.P.E.
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर

## पंचायत की अनदेखी से गांव में लगे कचरे के ढेर



**पाण्डुका।** ग्राम पंचायत सांकरा में कचरों की सफाई नहीं हो पा रही है। इस गांव से गुजर कर मां घटारानी, जतमाई मन्दिर जाया जाता है, लेकिन यहां सफाई नहीं हो पा रहा है। आसपास कचरों का ढ़ेर बना हुआ है, जिसमें आसपास रोड किनारे कचरों का ढेर लगा हुआ है। कचरों को कूड़ादान में न डालकर पंचायत द्वारा भी कूड़ा कचरा आस पास के घुरवा में ही फेका जा रहा है। वहीं पंचायत के पास हॉस्पिटल, प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला तथा हाईस्कूल भी है। इस संबंध में जानकारी लेने के लिए सरपंच को फोन किया गया तो कॉल रिसीव नहीं किया।

### विड़बना : सड़क, स्वास्थ्य, पेयजल, शिक्षा जैसे सुविधाओं को तरस रहे लोग

# आजादी के 75 साल बाद भी भूतबेड़ा के ग्रामीण लालटेन युग में काट रहे जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

छत्तीसगढ़ और ओड़ीशा के सीमा में बसा जिले के विकासखण्ड मैनपुर के अंतिम ग्राम भुतबेड़ा, गरीबा एवं एक दर्जन से ज्यादा पाराटोला में आज तक बिजली नहीं लगने से इन ग्रामों में शाम होते ही अंधेरा छा जाता है, और दिलचस्प बात यह है कि ओडिशा सीमा से लगे मैनपुर क्षेत्र के अंतिम ग्रामों से ओड़ीसा के ग्राम भी नजर आते हैं लेकिन उस पार ओडीशा के उन ग्रामों में शाम होते ही बिजली चकाचक जलती नजर आती है और तो और ओड़ीशा सीमा में पहुंचते ही पक्की सड़क भी नजर आता है, राज्य निर्माण के बाद पिछले 24 वर्षों में जितना विकास इस क्षेत्र में होना चाहिए था आज तक नहीं हो पाया है जिसका मलाल इस क्षेत्र में निवास करने वाले आदिवासी ग्रामीणों के चेहरे पर साफ झलकती है, ग्राम भुतबेडा के सरपंच अजय कुमार नेताम, कुचेंगा के सरपंच कृष्णाबाई मरकाम, पूर्व सरपंच दीनाचंद मरकाम, मोतीराम नेताम, फुलचंद मरकाम, सेवक मरकाम, सुनाराम मरकाम, सदाराम कुंजाम, सुन्दर नेताम ने क्षेत्र के ग्रामों की समस्या बताते हुए कहते हैं कई सरकारें बदली, ⏭ शेष पेज 12 पर

#### क्षेत्र की समस्याओं को लेकर कई आंदोलन किए

हमारे ओडिशा सीमा से लगे होने के कारण अब तक पिछले 15 वर्षों में कोई भी सांसद और विधायक इस क्षेत्र के दौरे पर नहीं पहुंचे है क्षेत्र की समस्याओं को लेकर कई उग्र आंदोलन तक किया जा चुका है।
-**अजय कुमार नेताम**, सरपंच ग्राम पंचायत भुतबेड़ा

#### आंगनबाड़ी की स्वीकृति मिली है

महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक पांडेय ने बताया कि ग्राम भुतबेडा में आंगनबाड़ी भवन स्वीकृत हो चुकी है जल्द निर्माण कार्य प्रारंभ होगा।







#### सीसी रोड की मांग

ग्राम भुतबेडा के आश्रित ग्राम मोतीपानी, मोंगराडीह, तेन्दुछापर, भीमाटीकरा, भालू पानी बेहद दयनीय स्थिति में यहा कोई स्वास्थ्य सुविधा और सड़क नहीं है, गांव के भीतर अधिकांश गलियों में इन दिनों कीचड देखा जा सकता है। कई बार सीसी रोड निर्माण की मांग किया जा चुका है, लेकिन अब तक सीसी रोड का निर्माण नहीं हो पाया है उपस्वास्थ्य केन्द्र की मांग भी लंबे समय से किया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री ने 10वीं के टॉपर होनिशा को दिए दो लाख



हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

इस वर्ष दसवी बोर्ड परीक्षा में मेरिट सूची में अपना दर्ज कराकर जिले का नाम रोशन करने वाली होनहार छात्रा होनिशा साहू अब अपनी खुद की स्कूटी ले सकेंगी। साथ ही प्रशासनिक अधिकारी बनने के अपने सपने को भी पूरा कर सकेंगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गुरूवार को अपने निवास में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में होनिशा को दो लाख रूपये का चेक सौंपा। मुख्यमंत्री ने श्रम विभाग की मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के तहत राज्य के अन्य 12 विद्यार्थियों को दो-दो लाख रुपए के चेक प्रदान किए और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद प्रदान किया। मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित होने और उन्हें राशि मिलने से होनिशा सहित सभी बच्चे उत्साहित हो गये। उन्हें मिले सम्मान और सहायता राशि से उनका आत्मविश्वास भी बढ़ गया। दसवीं की बोर्ड परीक्षा में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली होनिशा डिप्टी कलेक्टर बनना चाहती हैं। मुख्यमंत्री के हाथों मिले राशि से आगे की पढ़ाई जारी रखकर ⏭ शेष पेज 12 पर

■ अब अपनी खुद की स्कूटी ले सकेंगी होनिशा

शरद कम्प्यूटर एजुकेशन
• DCA • PGDCA • TALLY PRIME
• ERP9 With GST Taxation • Ms Office
• फोटोशॉप • पेजमेकर • कोरल • सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण
Skill Training Partner
शरद कम्प्यूटर एजुकेशन राजिम
पता: रानी धर्मशाला परिसर राजिम
शरद पारकर मो. 98261-96073

# बारिश नहीं होने से सूख रहे खेत बने चारागाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डुका

एक सप्ताह पहले हुई बारिश से किसानों को थोड़ी ख़ुशी हुई और सभी गर्मी से राहत मिली। लेकिन इन दिनों मौसम की बेरुखी से कृषि का कार्य पिछड़ते जा रहा है। पाण्डुका अंचल में लगभग 30 से 40% प्रतिशत ही बोनी का कार्य हुआ इन दिनों मौसम विभाग जहाँ अच्छी ज्यादा बारिश बता रही है वहां बारिश कम हो रही है कहा जाय तो मौसम वैज्ञानिको की भविष्यवाणी अभी तक से पाण्डुका अंचलवासियो के लिये गलत साबित हो रही है क्षेत्र में इन दिनों बारिश कम होने के चलते 1 महीने पहले सुखी बोवाई कर चुके किसान की फसल बन्दनाशक दवाई छिड़काव के लायक हो गयी है तो वहीं 15 दिन पहले बोनी किये हुए किसानो की फसल अच्छी बारिश नहीं ⏭ शेष पेज 12 पर



हरिभूमि
## पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468



## खबर संक्षेप



### सिंधौरी में विद्यारंभ व जन्मदिन संस्कार

**राजिम।** दीप यज्ञ के माध्यम से विभिन्न संस्कार संपन्न हुआ। जिसमें प्राथमिक शाला सतनामी पारा में 3 विद्यारंभ 7 जन्मदिवस, बालक प्राथमिक शाला राजिम में 4 विद्यारंभ,10 जन्म दिवस संस्कार चंद्रलेखा गुप्ता मुख्य प्रबंध ट्रस्टी, ओमिन साहू, हिमांशु साहू, लुकेश्वरी दीवान, परिवाजक के द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला सिंधौरी में 13 बच्चो का विद्यारंभ एवं 4 बच्चों का जन्म दिवस संस्कार रामकुमार साहू इकाई प्रमुख, अमृत साहू सक्रिय परिजन एवं साधु राम साहू, सह इकाई प्रमुख के द्वारा संपन्न कराया गया। सभी विद्यालय के प्रधान पाठक संजय कुमार सिन्हा, मयाराम जांगड़े, नंद कुमार सिन्हा, शिक्षक राजेंद्र कोशले, देवेंद्र नागेश, डोमन कुमार सोनकर, जगदेव साहू, भोमेश्वरी पटेल, गणेश राम कुम्हार, हेमलता ठाकुर सहित ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा।

### परसदा में पौधारोपण



**नवापारा-राजिम।** परसदा में शासन के निर्देश के अनुसार वृक्षारोपण पखवाड़ा के तहत 4 जुलाई को पौधारोपण महोत्सव मनाया गया। जिसमें गांव के सरपंच माहेश्वरी तिलक साहू, पंचायत सचिव रामचंद्र माधुरी साहू, हाई स्कूल समिति के अध्यक्ष टीकू यादव उपस्थित थे। यादव ने बताया कि पेड़ के हमारे जीवन में क्या महत्व है एक पेड़ 100 पुत्र समान होते हैं, वेद- पुराण पेड़ और जल है तो कल है। पंचायत हाई स्कूल प्राथमिक शाला में काम से कम 100 पौधा रोपण किया गया एवं पेड़ की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड की व्यवस्था किया गया। नीम, बादाम फलदार छायादार पौधा लगाया गया। इस अवसर पर योगेश यादव, गजेंद्र वर्मा, कैलाश साहू, ज्योति तारक, ग्राम कोटवार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाई-बहन स्कूल की राह पर

**मैनपुर।** नया शिक्षा सत्र प्रारंभ होते ही जिले के मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में स्कूल जाते सुबह के समय इस तरह की तश्वीर आजकल देखने को मिल रही है अपने छोटे बहन को भाई अपने हाथों से पकड़कर स्कूल ले जाते दिखाई दे रहा है और शायद यही कह रही है चल बहन स्कूल चल मैं तो हूँ।



**बैठक : छूटे लोगों के आयुष्मान कार्ड निर्माण में लाएं तेजी**

# उल्लास साक्षरता कार्यक्रम का गंभीरतापूर्वक करें क्रियान्वयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

■ कलेक्टर ने समय-सीमा की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

असाक्षरों को साक्षर बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत जिले में भी असाक्षरों को साक्षर बनाने का वृहद अभियान चलाया जायेगा। इसके तहत 15 वर्ष के अधिक आयु के ऐसे व्यक्ति, जो कभी स्कूल नहीं गया हो, उन्हें बुनियादी शिक्षा प्रदान कर साक्षर बनाया जायेगा। केन्द्र सरकार द्वारा संचालित उल्लास कार्यक्रम के तहत स्वयंसेवी शिक्षकों एवं जन सहयोग से असाक्षरों को बुनियादी साक्षरता, जीवन कौशल, व्यवसायिक कौशल एवं सामान्य पढ़ाई-लिखाई के साथ संख्यात्मक अक्षर ज्ञान प्रदान किया जायेगा। आज समय-सीमा की समीक्षा बैठक में कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने जिले में उल्लास कार्यक्रम का गंभीरतापूर्वक क्रियान्वयन करने के निर्देश दिये। उन्होंने स्वयंसेवी शिक्षकों के रूप में आमजनों का सहयोग लेने एवं जिला अधिकारियों को भी स्वयंसेवी शिक्षक के रूप में सेवा देकर असाक्षरों को साक्षर बनाने के अभियान में शामिल करने के निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर अग्रवाल ने शिक्षा के अधिकार के तहत निजी स्कूलों में एडमिशन लेने वाले बच्चों एवं उनके ड्रापआउट दर के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने ड्रापआउट रोकने स्कूलों के लिए जिला अधिकारियों को मेंटर नियुक्त करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। जिला अधिकारी आवंटित स्कूलों का निरीक्षण कर एवं आरटीई प्रवेशी बच्चों से संपर्क कर उन्हें पढाई के लिए प्रोत्साहित करेंगे, जिससे शाला त्यागी बच्चों की दर में कमी आयेगी। इस दौरान बैठक में उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उप निदेशक वरूण जैन, जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, संयुक्त कलेक्टर राकेश गोलछा सहित सभी एसडीएम, जनपद पंचायत सीईओ एवं अन्य जिला अधिकारी मौजूद रहे।



### पौधारोपण अभियान की करें तैयारी

समय-सीमा की समीक्षा बैठक में कलेक्टर अग्रवाल ने पर्यावरण संरक्षण के लिए वृहद वृक्षारोपण अभियान की भी जानकारी ली। 10 जुलाई को जिले के सभी विकासखण्डों में वृहद पौधारोपण अभियान आयोजित किया जायेगा। इसके तहत विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया जायेगा। कलेक्टर अग्रवाल ने पौधारोपण अभियान के लिए जगह चिन्हांकन एवं पौधरोपण के कार्य को गंभीरतापूर्वक सुनिश्चित करने के निर्देश बैठक में मौजूद अधिकारियों को दिये। बैठक में कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड निर्माण के प्रगति के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने अभी तक कार्ड बनाने से छुटे हुए लोगों की जानकारी लेकर छुटे हुए लोगों का तेजी से आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिये। जिससे लोगों को शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं ईलाज की सुविधाएं सुचारू रूप से मिल सकेंगी। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बैठक में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत जिले में किये जा रहे कार्यो भी जानकारी ली। उन्होंने योजना अंतर्गत जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति सदस्यों के जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, बैंक खाता, किसान क्रेडिट कार्ड, उज्ज्वला कनेक्शन एवं वन अधिकार पट्टा बनाकर उन्हें शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिये।

# रामलला दर्शन के लिए 91 श्रद्धालु हुए रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

राज्य शासन द्वारा राज्य के राम भक्तों के लिए निःशुल्क अयोध्या धाम में श्रीराम के दर्शन भ्रमण हेतु श्री रामलला दर्शन योजना की शुरुआत की गई है, और सभी श्रद्धालुओं को ट्रेन के माध्यम से प्रत्येक जिलों से चयन कर उन्हें रामलला के दर्शन के लिए ले जाया जा रहा है। इसी क्रम में आज कलेक्टर श्री दीपक कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में गरियाबंद जिले से भी 91 श्रद्धालुओं का दूसरा जत्था का चयन किया गया जो आज सुबह वन विभाग के ऑक्शन हाल परिसर से 91 तीर्थ यात्रियों का दल श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) के लिए रवाना हुये। उनके साथ में श्रद्धालुओं के देख-देख के लिए तीन अनुरक्षक भी गये है। चयनित तीर्थ यात्रियों को बस से रायपुर के लिए रवाना किया गया। रायपुर रेलवे स्टेशन से स्पेशल ट्रेन द्वारा श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) की यात्रा के लिए ले जाया जाएगा तथा यात्रा पश्चात तीर्थयात्रियों की बुधवार 07 जुलाई को वापसी होगी। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने राम भक्तों को सुबह 8 बजे हरी झण्डी दिखाकर गाड़ी को रवाना किया। इस दौरान कलेक्टर ने यात्रियों को गुलाल लगाकर व पुष्पहार पहना शुभकामनाएं देते हुए सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। श्रद्धालुओं ने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया और बताया कि इस योजना से हम लोगों का श्रीराम के दर्शन करने का सपना पूरा हो रहा है। इस दौरान रामलला दर्शन योजना कि जिले के सदस्य परस देवांगन ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि श्री रामलला दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं को पूरा पैकेज मिलेगा। जिसमें छत्तीसगढ़ से अयोध्या जाने, वहां रहने की व्यवस्था, मंदिर दर्शन, नाश्ते और खाने की भी व्यवस्था रहेगी। इस ट्रेन में टूर एक्सपर्ट, सुरक्षा कर्मी और चिकित्सकों का दल भी मौजूद रहेगा। इस अवसर पर एसडीएम विशाल महाराणा, समाज कल्याण विभाग के उप संचालक डी.पी. ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# स्कूल खुले 10 दिन बीते, कार्य प्रगति पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा लगातार बैठक लेकर निर्देश दिया जा रहा है कि स्कूल से संबंधित समस्याओं का निराकरण तत्काल करें। स्कूलों में चल रहे मरम्मत के कार्य को तेजी लाएं, लेकिन इस दिशा में विभाग को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है, और क्षेत्र के लगभग हाई स्कूल और हाई सेकेंडरी में चल रहे कार्य अभी भी अधूरा है जो कहीं ना कहीं स्कूल के शैक्षणिक गतिविधियों को प्रभावित कर रही है। क्षेत्र के लगभग सभी हाई स्कूलों में टाइल्स एवं पुताई के लिए राशि स्वीकृत हुआ है, लेकिन पूरे ग्रीष्म काल बीतने के बाद भी अब तक के कार्य नहीं हो पाया है इसमें अधिकारियों द्वारा कार्य देते समय चुन चुन का कार्य दिया गया है और एक ही व्यक्ति को कई कार्य होने की वजह से इनका कार्य पूर्ण करने में दिक्कत आ रही है। स्कूल खुले लगभग 10 दिन हो गए हैं लेकिन सभी जगह पर अभी भी कार्य प्रगति पर है और स्कूल में प्रवेश करने पर स्कूल के सामग्री अलमारी, टेबल कुर्सी एवं छात्र-छात्राएं अस्त व्यस्त चल रहे हैं और पूरा स्कूल स्टाफ स्कूल को व्यवस्थित करने में लगा हुआ है, हायर सेकेंडरी स्कूल पाट सिवनी में लगभग 200 से अधिक छात्र- छात्राएं अध्ययन रत है। पुताई मरम्मत, टाइल्स के लिए लगभग 19 लाख रुपए की स्वीकृति हुई हैं। जिस पर अभी भी कार्य चल रहा है, प्राचार्य से चर्चा करने पर पता चला कि ठेकेदार द्वारा छत पर सीपेज रोकने के लिए मरम्मत का कार्य किया गया है पुताई का कार्य अभी चल रहा है एवं बरामदा में टाइल्स नहीं लगाने की बात कह रहे हैं, उन्होंने बताया कि ठेकेदार ने कहा कि काम के हिसाब से राशि कम पड़ रहा है इसमें सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जब कार्यों का एस्टीमेट बनता है तो कौन सा कार्यों में कितनी लागत होता है उसे हिसाब से राशि स्वीकृत की जाती है और उसे ठेका पर दिया जाता है किंतु यह समझ से परे की कितनी राशि लग गई है, यहां पर कमरों में टाइल्स लग गया है और स्कूल के बरामदा में टाइल्स लगाने के लिए टांका मारा गया है किंतु उसमें बजट का अभाव में टाइल्स नहीं लगाया जा रहा है, पूरे स्कूल का सामान अस्त व्यस्त है और छात्र-छात्रा स्टाफ व्यवस्थित करने में लगे हुए हैं। इस संबंध में इंजीनियर पीयूष वर्मा ने कहा कि कार्य लगभग समापन की ओर है फिर भी लगभग एक सप्ताह लग जाएगा, छत सीपेज रोकने के लिए ढलाई किया गया है बरामदे में टांका मिस्त्री लगा दिया होगा।



### सहायक लेखा अधिकारी मरकाम को कारण बताओ नोटिस जारी

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज जिला परिवहन कार्यालय का औचक निरीक्षण कर कर्मचारियों की समय पर कार्यालय पहुंचने और उपस्थिति पंजी का अवलोकन भी किया। इस दौरान उन्होंने सभी कक्षों में पहुंचकर लाइसेंस पंजीकरण प्रक्रिया, राजस्व शाखा, कार्यालय रिकॉर्ड का अवलोकन कर विभागीय कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जिला परिवहन अधिकारी श्री रविन्द्र ठाकुर को कार्यालय रिकॉर्ड के सुव्यवस्थित संधारण करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि राज्य सरकार की गुड गवर्नेंस की मंशानुरूप पत्रावलियों के ई फाइलिंग की जाए। कलेक्टर ने कार्यालय के कार्मिकों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। कलेक्टर ने परिवहन कार्यालय में विभिन्न कार्यो के लिए आने वाले लोगों के लिए बैठक व्यवस्था बनाने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिला परिवहन कार्यालय में कार्यरत सभी कार्मिकों को पहचान पत्र पहनने के लिए कहा, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असहूलियत नहीं हो। कलेक्टर ने पत्रावलियों पर जमी गंदगी देखकर नाराजगी जाहिर की तथा सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने, फाईलों का संधारण करने, अनुपयोगी समग्रियों को निष्प्रयोजन करने के निर्देश दिए।



# माता पहुंचनी पर ग्रामीणों ने मां शीतला के दर्शन कर मांगी मन्नत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर।

नगर मे शीतला माता के दरबार में माता पहुंचनी कार्यक्रम पूरी श्रद्धा एवं भक्ति पूर्ण मनाई गई। माता के दर्शन करने मंदिर मे भक्तों की भीड़ लग रही। आस्था एवं विश्वास का प्रतिक माता पहुंचनी पर्व जो आज भी सदियों से चली आ इसी विश्वास एवं श्रद्धा को लेकर नगर के आराध्य देवी मां शीतला के दरबार में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरूवार को पूरे श्रद्धा एवं भक्ति से मनाया गया। इसी कड़ी में लोग एक एक कर मंदिर पहुंचने लगे और माता के दरबार मे पहुंचकर भोग प्रसादी चढ़ाकर मन्नते मांगी। मंदिर के पुजारी होरी लाल ध्रुव ने बताया कि यह परम्परा हमारे पुरखों की देन हैं। गांव में किसी प्रकार के अनहोनी से बचने, बीमारी से बचने के लिए मां शीतला के दरबार में भक्तगण आते हैं। माता पहुंचनी के दिन मंदिर में विशेष तैयारी की जाती है। इस दिन नीम के पत्ते हल्दी व तेल को आपस में मिलकर भक्तों के सिर के ऊपर छिड़काव किया जाता है। ऐसा करने से शरीर में किसी भी प्रकार के प्रकोपों से माता शीतला दूर रखते हैं। माताएं भी अपने साथ घर से थाली में नारियल, हल्दी, तेल चांवल, दाल, आलू थोड़ी थोड़ी मात्र में लेकर आती है और प्रसाद स्वरूप ठंडई के रूप में अपने घर ले जाकर परिवार के सभी सदस्यों के ऊपर छिड़काव करती है। ऐसा करने से परिवार में सभी प्रकार से प्रकोपों से माता भक्तों को दूर रखती हैं। जो भी भक्तगण माता के दरबार में आते हैं उनकी मनोकामना अवश्य पूर्ण होती हैं। एक मान्यता यह भी है पुराने समय में माता पहुंचनी के दिन भक्तगणों के द्वारा बली प्रथा का प्रचलन करते थे जो समय के साथ धीरे धीरे समाप्त हो गया। अब माता के चरणों में नारियल चढ़ाई जाती है। आज भी सदियों से चली आ रही परंपरा को देखकर भक्तगण प्रफुल्लित हो जाते हैं।नगर के अनेक माता सेवा समितियों के द्वारा संगीत मय ढोल नगाड़ों मांदर की थाप पर भक्ति में डूबे रहे।माता सेवा गीत गाकर पूरे वातावरण को भक्तिमय बनाया जिसमे नगर के प्रमुख माता सेवा समिति टिकरापारा,मौलीपारा जागृति सेवा समिति प्रमुख है।



### माता पहुंचनी पर्व पूर्वजों की देन

### माताएं बच्चों के भाषाई विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें

**राजिम।** शासकीय प्राथमिक शाला बेलटुकरी एवं शासकीय प्राथमिक शाला आबादी पारा बेलटुकरी के संयुक्त तत्वावधान में अंगना म शिक्षा पढ़ई तिहार का आयोजन किया गया। जिसमें अध्यक्षता कर रहे एमएल कंवर , हाई स्कूल प्राचार्य एवं संकुल प्राचार्य, पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक एनएल सेन एवं शासकीय प्राथमिक शाला बेलटुकरी के प्रधानपाठक बासन खड़िया, शासकीय प्राथमिक शाला आबादीपारा बेलटुकरी के प्रधानपाठक संध्या औसारिया ने उपस्थित माताओं को बच्चों में भाषाई एवं गणितीय कौशलों के विकास के लिए अपने महत्वपूर्ण योगदान के लिए माताओं को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में सभी बच्चों एवं माताओ को शारीरिक विकास, बौद्धिक सामाजिक विकास, भाषा विकास, गणित पूर्व तैयारी के लिए 9 काउंटर में विभिन्न गतिविधियां कराई गई। उपस्थित शिक्षक सविता गुप्ता, भगवती पटेल, दीनदयाल साहू, रेखूराम साहू, अरुण प्रजापति, तेज साहू, जीतेश्वरी श्रीवास, प्रणेश्वरी हिरवानी, महेश्वरी तारक, सरस्वती साहू, रेवती साहू आदि मौजूद थे।



## पेज 11 के शेष...

### आजादी के 75...

कई विधायक बदले लेकिन हमारे गांव की हालत नहीं बदली आखिर प्रशासन हमारी सुध कब लेगा हमारे सांसद विधायक कब यहां पहुंचकर हमारे समस्याओं को देखेंगे विधायक और सांसद की एक झलक पाने के लिए क्षेत्र की जनता वर्षो से इंतजार कर रहे हैं, यहां स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, सड़क, पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए लोगो को तरसना पड़ रहा है। आजादी के 75 वर्षो से अब तक इन आदिवासी गांवों के लोगों को बिजली की रोशनी नसीब नहीं हुई हैं जो लालटेन के भरोसे रात के अंधेरे में जीवन के साथ संघर्ष कर रहे हैं, ऐसे तो क्रेडा विभाग द्वारा सौर उर्जा लगाया गया हैं जिससे गांवों की गली में कुछ ही जगहों में महज घण्टे 02 घण्टे ही रौशनी हो पाती हैं बैटरी व सौर प्लेट पुराना खराब होने के कारण रात भर नहीं जल पाती, वहीं भोले भाले ग्रामीण अपनी मूलभूत सुविधाओं के लिए बिजली की मांग करते थक चुके हैं जहां इस संबंध में ग्रामीण महिला ललिता नेताम, आसमोतिन नेताम, सुखमती नेताम, सुनती नेताम, सुमित्र मरकाम, जशोदा बाई, रोमिन बाई, प्रमिला ने हरिभूमि को बताया कि कई बार बिजली लगाने की मांग कर चुके हैं, बिजली नहीं होने के कारण रात में चिमनी और लालटेन जलाना पड़ता है, लेकिन बारिश के इन दिनों में हमेंशा जहरीले जीवों का डर बना रहता है।

### मुख्यमंत्री ने 10वीं...

अपना सपना साकार कर सकेंगी। मुख्यमंत्री निवास में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नोनी-बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत 13 बच्चों को दो-दो लाख रूपए के चेक दिए गए। इसमें से एक लाख रूपए प्रोत्साहन के रूप में और एक लाख रूपए स्कूटी खरीदने के लिए दिए गए। इन बच्चों ने दसवीं और बारहवीं में 2023-24 के टॉप-10 सूची में स्थान बनाया है। ये सभी श्रमवीरों के बच्चे है।

### बारिश नहीं होने...

होने व सूरज की तेज धूप के कारण बोनी किये हुए धान अंकुरित नहीं हो पा रही है। जिसके कारण कृषि कार्य पिछड़ते जा रहा है जो खेतो में पानी नहीं होने के कारण दवाई के साथ खेती बोवाई कार्य रुका हुआ है जो खेत में धान थोड़ी बड़ी हुई है वो भी जानवरों के लिए चारागाह बन गया है। ऐसे में एक बार किसान से लेकर सभी जीव जंतु के लिए पानी आवश्यक हो गया है। जिससे बारिश के बाद जानवरों के लिए चारागाह घास उग आये और किसान की फसल बोवाई हो सके तो दूसरी ओर रोपाई का कार्य जो किसान सुविधा अनुसार ट्यूबवेल से थरहा पौधे लगाए थे वो रोपाई युक्त हो गया है। वे सुविधानुसार अपने- अपने खेत मे रोपा का कार्य कर रहे हैं।

# जन्म-मृत्यु पंजीयन सतर्कता के साथ करें: कलेक्टर

**गरियाबंद।** कलेक्टर एवं अतिरिक्त मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) दीपक कुमार अग्रवाल ने ग्रामीण एवं नगरीय निकायों के रजिस्ट्रारों (जन्म-मृत्यु) को निर्देशित किया है कि कुछ आवेदकों द्वारा आधार कार्ड में दर्ज जन्मतिथि में परिवर्तन करने के लिए एक बार से अधिक आवेदन किया जा रहा है। जिला योजना एवं सांख्यिकी के रजिस्टार श्री ओमप्रकाश देशमुख ने बताया कि आवेदकों द्वारा साक्ष्य हेतु जन्म प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है। जन्म पंजीयन व जन्म प्रमाण पत्र किसी व्यक्ति की पहचान के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण दस्तावेज है। जिनके द्वारा जन्म तिथि एवं जन्म स्थान प्रमाणित किया जाता है। उन्होंने बताया कि जन्म पंजीयन में जन्म तिथि एवं जन्म स्थान एक बार प्रविष्टि करने के पश्चात संशोधन योग्य नहीं है। रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) द्वारा अधिनियम व नियम विरूद्ध जाकर एक ही व्यक्ति का एक से अधिक जन्म पंजीयन अलग-अलग जन्मतिथि से किया जाता है, वो उचित नहीं है। इसके लिए समस्त रजिस्ट्रार सतर्कता के साथ जन्म पंजीयन करें एवं जन्म तिथि एवं जन्म स्थान में किसी भी स्थिति में संशोधन न किया जाए।

**रथयात्रा 7 को, श्रीराधाकृष्ण मंदिर से निकलेगी यात्रा**

# भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में उमड़ेगा जन सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

इस साल रथयात्रा का महापर्व 7 जुलाई को पड़ रहा है। नवापारा शहर में रथयात्रा की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। लंबे समय से परंपरा चली आ रही है श्रीराधाकृष्ण मंदिर और श्री सत्यनारायण मंदिर का अलग-अलग रथ एक साथ आगे-पीछे शहर में निकलती है। भगवान श्री जगन्नाथ, सुभद्रा और भाई बलभद्र का दर्शन पाने जनसैलाब उमड़ पड़ता है। भगवान की रथ श्रीराधाकृष्ण मंदिर और श्री सत्यनाराण मंदिर से निकलकर इंदिरा मार्केट ,सदर बाजार से होते हुए सुभाष चौक, मां काली मंदिर चौक से गंज रोड की ओर मुड़ जाती है। इस दौरान शहर की सभी सड़के श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहता है। फिर इस बार तो रविवार पड़ रहा है। रविवार में सारे लोग खाली रहते है। इस लिहाज से भी जनसैलाब के उमड़ने का अंदेशा अभी से लग रहा है। शहर तो शहर आस-पास के दर्जनो गांव के लोग भी दर्शन और प्रसाद पाने के लिए बड़ी संख्या में नवापारा शहर पहुंचेंगे। शहर का रथयात्रा पर्व इस क्षेत्र के लिए बहुत ही प्रसिद्ध पर्व है। लोगों की इस कदर भीड़ उमड़ती है कि चारों तरफ जाम ही जाम नजर आता है। हालांकि पुलिस की पायलेटिंग गाड़ी सायरन बजाते आगे-आगे चलती है और रथ के पीछे-पीछे फायर ब्रिगेड की गाड़ी। वहीं पुलिस की चाक-चौबंध व्यवस्था भी बनी होती है।



### साज-सज्जा व रंग रोगन का काम पूरा

रथयात्रा पर्व में गजा मूंग और आम चढ़ाए जाने के रिवाज शुरू से चला आ रहा है। इसलिए श्रद्धालु गजा मूंग और आम लेकर दर्शन के लिए पहुंचते है। धार्मिक मान्यता के मुताबिक भगवान जगन्नाथ स्वामी के रथ को आगे बढ़ाने, रस्सी खीचने में जो श्रद्धालु लगे रहते है उनके सारे दुख दर्द दूर हो जाते है। पिछले साल यह पर्व 18 दिन पहले 20 जून को हुआ था। उस समय बेहद गर्मी और उमस भरा वातावरण था लेकिन इस बार मौसम सुहाना है इसलिए भी लोग बड़ी संख्या में यहां दर्शन को आएंगे। श्री राधाकृष्ण मंदिर के सर्वराकार गिरधारी अग्रवाल ने बताया कि रथयात्रा की तैयारी 15 दिन पहले से ही शुरू कर दी गई है। साज-सज्जा, रंग रोगन का काम पूरा हो गया है। जानकारी के मुताबिक श्री सत्यनाराण मंदिर के रथ को भी सजाया संवारा जा रहा है। राजीव लोचन के पावन भूमि में रथयात्रा पर्व को लेकर लोगो में गजब के उत्साह का वातावरण है। राजिम में तैयारी व्यापक स्तर पर की जा रही है।

**// शपथपत्र //**

मैं कु. कुन्ती सिन्हा पिता गजेन्द्र सिंह सिन्हा, उम्र 29 वर्ष, जाति कलार, निवासी ग्राम छैलडोंगरी, थाना देवभोग एवं तहसील अमलीपदर, जिला गरियाबंद (छ.ग.) आधार नंबर 725172988939 है।

...शपथकर्ती

यह कि मै निम्नानुसार शपथ पूर्वक सत्य व निष्ठा के साथ कथन करती हूँ कि :-

1. यह कि मेरी नाम पता आदि उपर लिखे अनुसार है।

2. यह कि मेरी Certificate of Registration {A.N.M.} की सर्टिफिकेट थाना क्षेत्र देवभोग में कही गुम हो गया है। जिसे बहुत खोज-बीन की अपितु उक्त सर्टिफिकेट नही मिला । जिसकी द्वितीय प्रति प्रदाय/ प्राप्ति हेतु देवभोग से प्रथम सूचना प्रतिवेदन की प्राप्ति हेतु शपथपत्र प्रस्तुत करने की आवश्यकता है। जिसे समर्थन में शपथपत्र प्रस्तुत है । ....शपथकर्ती

**//सत्यापन//**

मैं शपथकर्ती मेरे द्वारा उपरोक्तानुसार वर्णित कण्डिका 01 से 02 तक की कथन मेरी जानकारी से सत्य व सही है । अतः आज दिनांक को गवाहों के समक्ष हस्ताक्षर / अंगुठा निशान कर सत्यापित करती हूँ ।

**स्थान- देवभोग**
**दिनांक 02.07.2024** **सत्यापनकर्ती**
**कु. कुन्ती सिन्हा**


मा. अमित शाह जी
मा. विष्णुदेव साय जी
मा. किरण देव जी
मा. चुन्नीलाल साहू जी
मा. चंदूलाल साहू जी
मा. राजेश साहू जी
मा. संतोष उपाध्याय जी
मा. चंद्रशेखर साहू जी
जीवेत शरदः शतम्
महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय,
ऊर्जा वान सांसद
आदरणीया
रूपकुमारी चौधरी जी
को
जन्मदिन
की मंगलमय
शुभकामनाएं...
मा. नरेन्द्र मोदी जी
प्रधानमंत्री
मा. रोहित साहू
विधायक, राजिम विधानसभा
05
जुलाई
मा. रूपकुमारी चौधरी जी
सांसद
मा. टीकमचंद साहू
भाजपा नेता
प्रदेश उपाध्यक्ष छ.ग. साहू समाज
मो. 96302-01111
भुनेश्वर साहू
राहुल सेन
विजय कंडरा
महेश यादव
रिखि यादव
कमल सिन्हा
सन्दीप पाण्डेय
वीरेन्द्र साहू
विनित : समस्त कार्यकर्ता, राजिम विधानसभा
संकलनकर्ता- यशवंत यादव, हरिभूमि संवाददाता छुरा, मो. 98934-64850

## खबर संक्षेप



### एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के लिए लोगों को करें प्रेरित : प्राचार्य

**नवापारा-राजिम।** हायर सेकेंडरी स्कूल मानिकचौरी के प्राचार्य डॉक्टर एसआर सोनबरसा ने वृक्षारोपण के लिए विशेष महत्वाकांक्षी योजना एक पेड़ माँ के नाम का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शिक्षक एवं ग्रामवासी अभिभावक बच्चे एवं जनप्रतिनिधि को विनम्र अपील किए हैं कि एक पेड़ मां के नाम से इस कार्यक्रम को सफल बनाएं साथ ही मानिक चौरी में स्थित प्रत्येक विभाग के अंतर्गत जैसे आंगनबाड़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कृषि सहकारिता एवं विविध सामाजिक भवन राष्ट्रीय स्मारक भवन ग्राम पंचायत परिसर निजी व शासकीय स्कूल परिसर किसान भाइयों को खेत के ऊपर मेड पर पौधारोपण लगाने के लिए शिक्षकों एवं बच्चों के माध्यम से पौधारोपण पर जोर दिया है। उन्होंने आगे बताया कि पौधारोपण से हमारे जीवन में सकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं जिससे ग्लोबल वार्मिंग के दुष्परिणामों से बचा जा सकता है।

### अतरमरा स्कूल समिति के अध्यक्ष टीकम मनोनीत

**पांडुका।** छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अतरमरा के शाला



विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पद पर टीकम सिन्हा को मनोनीत किया गया है। सिन्हा ने अपने वाचन में कहा कि मुझे शाला विकास समिति के अध्यक्ष पद पर मनोनीत करने का श्रेय प्रदेश सरकार और जिला प्रभारी मंत्री एवं विधायक रोहित साहू का मैं आभार व्यक्त करता हूँ। रामाधिन ध्रुव सरपंच, शिवांगी चतुर्वेदी उपसरपंच, श्यामलाल साहू, माखन साहू, विनोद सिन्हा, कमलकिशोर, जगत, हेमंत, राजकुमार, अभिषेक, प्रदीप, सुरेंद्र सेन, वरुण, दुलारी साहू, हेमलता साहू, आदि ने ख़ुशी जाहिर कर शुभकामना दी।

### रानीपरतेवा स्कूल के अध्यक्ष बने रामप्रसाद

**मुड़ागांव(कोरासी)।** शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल रानीपरतेवा के रामप्रसाद शांडिल्य अध्यक्ष बने। शांडिल्य के अध्यक्ष बनाए जाने पर



क्षेत्रवासियों में हर्ष की लहर है। शांडिल्य के अध्यक्ष बनने पर शिक्षा के क्षेत्र में निश्चित रूप से गांव का विकास होगा। विदित हो कि शांडिल्य पूर्व में ग्राम पंचायत रानीपरतेवा के सरपंच रह चुके हैं। बधाई देने वालों में भाजपा युवा नेता विधायक प्रतिनिधि पंकज निर्मलकर, मंडल उपाध्यक्ष सोमन यदु, रमन नामदेव, भगत सिन्हा, मुकेश साहू, हरि साहू, गिरवर सिन्हा, धर्मेंद्र यदु रघुनाथ साहू, चेतन सिन्हा, कोमल यदु, लखन साहू शामिल हैं।

### फांसी लगाकर दे दी जान

**महासमुंद।** खल्लारी थाना क्षेत्र के ग्राम बरबसपुर में नाबालिग युवती ने फांसी लगा ली। घटना की सूचना जेठूराम खड़िया ने पुलिस को दी, पुलिस ने जांच विवेचना में लिया है।

## निरीक्षण : कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आंगनबाड़ी केंद्र व स्कूल का किया निरीक्षण

# बच्चों को पौष्टिक आहार का करें वितरण : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

गुरूवार को सुबह जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न आंगनबाड़ी व स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण करने कलेक्टर दीपक अग्रवाल पहुंचे। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र डाकबंगला का निरीक्षण करते हुए बच्चों की उपस्थिति, साफ-सफाई करने, सामग्रियों को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिये। इस दौरान रसोई कक्ष, सामग्री कक्ष का भी अवलोकन किया। साथ ही बच्चों को दिये जाने वाले पूरक पोषण आहार निर्धारित डाइट के अनुसार गुणवत्तापूर्ण देने को कहा। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी में बच्चों की दर्ज उपस्थिति के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सभी बच्चों को समय अनुसार आंगनबाड़ी केन्द्रों पर उपस्थिति सुनिश्चित कराये, जिससे कि सभी बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी मिल सके। कलेक्टर ने अंगबाड़ी कार्यकर्ता अनुसुईया सिन्हा से कुल दर्ज संख्या वर्तमान उपस्थिति, कुपोषित बच्चों की संख्या, नाश्ता व भोजन की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों की कम उपस्थिति पर बच्चों के पलकों से मिलकर उनके बच्चो को आंगनबाड़ी भेजने के लिए प्रेरित करने कहा। इसके पश्चात कलेक्टर ने डाकबंगला के ही प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला का निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूल में बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए प्रस्ताव देने को कहा। साथ ही परिसर पर किये गये अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने स्कूल परिसर को साफ-सफाई कराने और सोख्ता गड्ढा बनाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने शासकीय प्राथमिक शाला बच्चों को गणवेश एवं पाठ्यपुस्तकें वितरण की जानकारी ली। इस पर बच्चों को पुस्तकें वितरण नहीं करने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने बच्चों से उनके नाम, पाहड़ा, बारहखड़ी, गिनती, कविता, खेलकूद एवं उनके रूचि के बारे में भी जानकारी ली। इस बच्चों ने दौरान बड़े उत्साह के साथ अपनी-अपनी रूचि के बारे में बताया। इसके अलावा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डाकबंगला पहुंचकर बच्चों एवं शिक्षकों की उपस्थिति पंजी का निरीक्षण किया। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि बच्चों को स्कूल में स्कूली शिक्षा के साथ-साथ नैतिक शिक्षा के बारे में भी बताये। क्योंकि बच्चों का अधिक समय स्कूल में व्यतीत होता है। जिस तरह से शिक्षक अपने विद्यार्थियों को बताते है, उससे अधिक वे सिखते है। कलेक्टर ने कहा कि साफ-सफाई एवं अन्य चीजों को व्यवस्थित रखे। साथ बच्चों को जनरल नॉलेज की जानकारी भी बताये।

> ■ कलेक्टर अग्रवाल ने कुपोषित बच्चों की संख्या, नाश्ता व भोजन की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली

### 9वीं के छात्रों से अंग्रेजी व गणित के पूछे सवाल

इसके पश्चात कलेक्टर अग्रवाल जिला मुख्यालय स्थित स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय पहुंचे। उन्होंने अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के कक्षा 9वीं के छात्रों को अंग्रेजी, गणित विषय के सवाल पूछे। साथ ही बच्चों से उन्होंने देश के प्रधानमंत्री, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री सहित अन्य सामान्य ज्ञान के बारे में प्रश्न पुछे। इस पर बच्चों ने प्रश्नों के जवाब भी दिये। आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य के अनुरोध पर कलेक्टर ने स्कूल में पेयजल के लिए पानी की व्यवस्था एवं पार्किंग शेड सहित अन्य निर्माण कार्यों के लिए स्वीकृत करने को कहा। इस दौरान एसडीएम विशाल महाराणा सहित प्राचार्य व शिक्षकगण मौजूद थे।




### मन लगाकर करें पढ़ाई निश्चित मिलेगी सफलता

कलेक्टर ने कक्षाओं में जाकर बच्चों से उनकी पढ़ाई-लिखाई के बारे में जानकारी लेने के साथ ही बच्चों के ज्ञान का स्तर परखने के लिए उनसे गणित, अंग्रेजी और सामान्य ज्ञान से संबंधित सवाल भी पुछे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने स्वयं क्लास रूम मे पहुंचे और बच्चों से बातचीत की और उनसे सामान्य ज्ञान से जुड़े प्रश्न भी पूछे। कलेक्टर ने बच्चों से पूछा क्या बनना चाहते हो तो बच्चों ने कहा आर्मी ऑफिसर, डॉक्टर, शिक्षक, पुलिस, तहसीलदार और एक अन्य बच्चे ने आईपीएस ऑफिसर बनने का लक्ष्य बताया। इस पर कलेक्टर ने सराहना करते हुए कहा कि मन लगाकर पढ़ाई करें निश्चित ही सफलता मिलेगी। प्राथमिक एवं मीडिल स्कूल के प्रधानपाठकों ने बताया कि स्कूल के कुछ बच्चों के आंख में समस्या है, जिस पर कलेक्टर ने नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं अन्य चिकित्सकों को स्कूल में आकर सभी बच्चों का स्वास्थ्य जांच करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर कलेक्टर ने मध्यान्ह भोजन के रसोई का भी अवलोकन किया और पूछा कि कौन सी सब्जी बनाई जा रही है। खाने में क्या-क्या शामिल हैं।

## विधायक का सम्मान ...



छुरा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला अकलवारा में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर जनपद पंचायत के सीईओ आर के ध्रुव, विकासखंड शिक्षा अधिकारी के एल मतवाले, खंड स्त्रोत समन्वयक हरीश देवांगन ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर राजिम विधानसभा के विधायक रोहित साहू का सम्मान किया एवं अमृत उद्यान में मुख्य अतिथि सहित उपस्थित अतिथियों ने वृक्षारोपण किया।

# शासकीय राशि की हो रही बंदरबाट : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरूवार को दोपहर 3 बजे जीवन दीप समिति सामान्य सभा की बैठक बिन्द्रानवागढ विधानसभा विधायक जनक ध्रुव के उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। बैठक प्रारंभ होते ही विधायक जनक ध्रुव ने पुछा कि इससे पहले कब जीवन दीप समिति की बैठक हुई थी जिस पर बीएमओं डॉक्टर गजेन्द्र ध्रुव ने जानकारी दिया कि ढ़ाई वर्ष पूर्व बैठक हुआ था। बैठक में रजिस्टर और पुरी जानकारी नहीं लाने पर विधायक जनक ध्रुव जमकर नराजगी जताते हुए कहा कि जीवन दीप समिति के माध्यम से क्षेत्र के लोगों के ईलाज के लिए जो राशि उपलब्ध कराई जा रही है, उसका उपयोग सही तरह से नहीं हो रहा है पिछले ढाई वर्षों में जीवन दीप



समिति की बैठक नहीं होना इस बात का प्रमाण है। 15 दिनों के भीतर पुरी जानकारी और सभी आय -व्यय की जानकारी जीवन दीप समिति को दिया जाये।

> ■ जीवन दीप समिति की बैठक में अधूरी जानकारी देने पर विधायक ध्रुव हुए नाराज

विधायक ध्रुव ने कहा कि कितने मात्र में दवा खरीदी की गई, खरीदी करने से पहले क्या शासन द्वारा निर्धारित मापदंडो का पालन किया गया, डीजीएस से दवाई के सबंध में स्थानीय समिति को कोई जानकारी नही है, न विभाग बैठक में कोई रजिस्टर लाया है न कोई बील वाउचर उपलब्ध करा रही है ऐसे में कैसे लोगों को जानकारी होगी कि जीवन दीप समिति की राशियों का क्या उपयोग किया जा रहा है, विधायक कहा कि 15 दिनों में पुरी जानकारी के साथ बैठक बुलाई जाये और वहां सभी सदस्यों के सामने आय व्यय की जानकारी दिया जाये अन्यथा इस मामले की शिकायत सीधा स्वास्थ्य मंत्री से किया जायेगा।

जनपद अध्यक्ष नुरमती ने कहा कि जीवन दीप समिति की बैठक की कोई जानकारी नहीं दिया जाता, मेरे द्वारा भी पूर्व में बैठक के सबंध में जानकारी पुछा गया था लेकिन कोई जवाब देने वाला नहीं है।

इस मौके पर बैठक में प्रमुख रूप से जनपद पंचायत मैनपुर के अध्यक्ष नुरमती मांझी, जनपद सभापति वेदमती कपील, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव एवं विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर गजेन्द्र ध्रुव आरईएस विभाग के एसडीओ अजय कुमार चौधरी, जनपद पंचायत मैनपुर के एडिशनल साईओ दिनेश कुमार शाडिल्य, बिजली विभाग से शेखर चौधरी, ब्लॉक महामंत्री गेंदु यादव, मुकेश साहू सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# विधायक ने विद्यालय के रंगमंच निर्माण के लिए दी 7 लाख रुपए की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

छुरा विकास खण्ड के ग्राम अकलवारा में विकास खण्ड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव क्रार्यक्रम बुधवार को हाई स्कूल मैदान में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि रोहित साहू विधायक राजिम विधानसभा क्षेत्र ने सर्वप्रथम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पी एमश्री विद्यालय का निरीक्षण किया। उसके पश्चात अटल टिंकरींग लैब का निरीक्षण किया जहां प्राचार्य जीपी वर्मा का प्रशंसा किया गया। उसके बाद सभी अतिथियों के द्वारा वृक्षारोपण कर उनकी सुरक्षा के लिए सभी को प्रेरित किया। विद्यायक श्री साहू ने शाला प्रवेश उत्सव के द्वारा बच्चों का गुलाल लगाकर तीलक किया मुह मीठा कराकर गणवेश तथा सायकल



वितरण किया। विद्यायक ने इस स्कूल के रंगमंच के लिए 7 लाख रूपये की स्वीकृती दी। विद्यायक ने शासकीय उच्चतर माध्य, विद्यालय अकलकारा के कैंपस में बनी आक्सीजोन एवं, स्कूल की हरियाली एवं परीक्षा परिणाम जानकर खूब तारीफ करते हुए यह कहा कि मैंने अकलवारा जैसे स्कूल कहीं नहीं देखा। विद्यायक ने जीपी वर्मा प्राचार्य के कार्यों का भूरी-भूरी प्रशंसा किया। इस अवसर पर पुरे स्कूल स्टाफ सहित उपरोक्त कार्यक्रम में अध्यक्षता नगर पंचायत छुरा के अध्यक्ष खोमन चन्द्राकर, तोकेश्वरी मांझी अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरा, केसरी ध्रुव, गौरव मिश्रा जनपद, मंडल अध्यक्ष पीलू यादव, संदीप पांडे, कमल सिन्हा, मनीष हरित, राजू साहू, सोमन यदु, पंकज निर्मलकर, पुष्पलता सिन्हा, तरणी ध्रुव, गुलशन सिन्हा, प्रकाश सिन्हा, पलेश्वर साहू, वेदराम नंदे, दुर्गा ध्रुव, तहसीलदार, सीईओ, बीईओ किसुन मतावले एवं कर्मचारी अधिकारी उपस्थित थे।

# कृषि विभाग ने किया किसान खेत पाठशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

उपसंचालक कृषि चंदन राय के नेतृत्व में केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र रायपुर द्वारा किसान खेत पाठशाला अंतर्गत एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन के विषय पर ग्राम रावण एवं अरंड में कार्यशाला आयोजित किया गया।

कार्यशाला में सब्जी एवं धान फसल के लिए एकीकृत कीट व्याधि प्रबंधन हेतु आगामी 16 सप्ताह तक कृषकों का किसान खेत पाठशाला का आयोजन किया जाएगा जिसका गुरूवार को उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया।



किसानों को बीज उपचार, रोपाई फर्टिलाइजर प्रबंधन, कीट नाशक, फफूंदनाशाक आदि की जानकारी इस अवधि में प्रदान किया जाएगा। नीरज कुमार सिंह सहायक निर्देशक एंटोमोलॉजी,डॉ विकास चौहान सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी, अशोक कुमार सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी, उज्जवल शर्मा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी ने कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर जानकारी प्रदान किया एवं किसानों की समस्याओं पर चर्चा की।कार्यक्रम में ग्राम रावड के सरपंच हलधर साहू, सचिव चंद्रहास साहू, कृषक दयाराम साहू, दिलीप साहू, राकेश साहू, नारद साहू, बिहारी यादव, हिच्छाराम साहू, सुशील साहू, संतोष साहू, नरोत्तम साहू, महेंद्र,गंगाधर साहू, ललित साहू, दिनेश कुमार देवांगन, ओम प्रकाश साहू आदि कृषक उपस्थित

### राजस्व शिविर आज

**फिंगेश्वर।** ग्राम जामगांव में 5 जून को शासन के द्वारा राजस्व पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी अपनी सेवा देते हुए ग्रामीणों के आवश्यक आवेदनों का निराकरण करेंगे।ग्राम जामगांव में जामगांव, लचकेरा, पसौद, भसेरा, रोबा, भेंड्री, गुंडरदेही एवं बोरिद के ग्रामों से पहुंचे ग्रामीणों के प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा।




## मनरेगा के तहत 17 करोड़ 42 लाख रूपये का श्रम मूलक कार्य

# 307 परिवारों को मिला 100 दिवस का रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

मनरेगा योजना से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को एक वित्तीय वर्ष में सौ दिन के रोजगार की गारंटी प्रदान करती है। दीपक कुमार अग्रवाल कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक जिला गरियाबंद एवं रीता यादव मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गरियाबंद के कुशल मार्ग दर्शन में विकासखण्ड छुरा के ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना अन्तर्गत 1 अप्रैल से आज पर्यन्त तक मनरेगा में पंजीकृत कुल 18690 परिवार को रोजगार प्रदाय करते हुए 7 लाख मानव दिवस सृजन करते हुए 17 करोड़ 42 लाख रूपये का श्रम मूलक कराया गया है, मुख्य कार्यपालन अधिकारी रूप कुमार ध्रुव एवं कार्यक्रम अधिकारी कपिल नायक ने बताया



कि योजना अन्तर्गत विशेष रूप मानव दिवस सृजन करने में महिलाओं का 50 प्रतिशत भागीदारी रही है जिसके लिए 33980 पंजीकृत महिलाओं द्वारा 359552 मानव दिवस सृजन किया गया। इसके अलावा 13754 अनुसुचित जनजाति परिवार, 1542 अनुसुचित जाति परिवार व 54 दिव्यांजन को रोजगार प्रदाय किया गया है। जिसमें से विकासखण्ड छुरा अन्तर्गत कुल 307 परिवारों को 100 दिवस का रोजगार अब तक



प्रदाय किया जा चुका है। योजना अंतर्गत ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण कि दिशा में सामुदायिक मूलक कार्य जैसे तालाबों का पुनराउद्धार, नया तालाब निर्माण, चेक डेम निर्माण, नाला पुनराउद्धार जैसे विकास कार्य का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही साथ योजना अन्तर्गत पंजीकृत परिवारो के जमीन पर भूमि का सुधार मेड़बंधान, भूमि समतलीकरण, 30X40 मॉडल डबरी निर्माण कर खेती करने योग्य बनाया जा रहा है। जिससे परिवार के सदस्यो को अपने स्वंय के जमीन में रोजगार के साथ-साथ आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। इसके अलावा पंजीकृत के परिवार के महिला सदस्य को महिला मेट के रूप में चयनित कर योजना के क्रियान्वयन के लिए ग्राम पंचायतो के कार्यों में नियोजित किया जा रहा है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी रूपकुमार ध्रुव ने बताया कि विकासखण्ड के समस्त ग्राम पंचायतों में वर्षा ऋतु में कचरे के निपटान के लिए नाडेप, भूमिगत जल संरक्षण के दिशा में सोखता, मवेशीओं को बारिश से बचाव के लिए मवेशी आश्रय, बकरी आश्रय, कुक्कट पालन हेतु कुक्कट आश्रय, सामुदायिक मूलक वृक्षारोपण, आंगनबाड़ी भवन निर्माण उचित मुल्य की दुकान सह गोदाम निर्माण के कार्य कराये जाने की जानकारी दी गई।